
आज शनि जयंती

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-92 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 16 मई 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## भोजशाला पर हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# ये वाग्देवी मंदिर, मुस्लिम समाज को नमाज की इजाजत नहीं

### -अदालत ने हिंदू पक्ष के पूजा के अधिकार को बरकरार रखा
### -केंद्र सरकार वाग्देवी प्रतिमा को ब्रिटेन से वापस लेकर आए




इंदौर /भोपाल,(ए)। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने धार की ऐतिहासिक भोजशाला को वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर घोषित कर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने हिंदू पक्ष के पूजा के अधिकार को बरकरार रखा है और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के उस आदेश को रद्द किया है, जिसमें मुस्लिमों को इस स्थल पर नमाज पढ़ने की इजाजत दी गई थी। इस फैसले में अयोध्या विवाद के निर्णय को भी आधार बनाया गया है, जिसमें पुरातत्व संबंधी अध्ययनों और वैज्ञानिक निष्कर्षों पर निर्भरता को प्रमुखता दी गई थी।

शुक्रवार को दिए अपने फैसले में, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने कहा कि हमने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई की सर्वे रिपोर्ट और एएसआई अधिनियम, 1958 के प्रावधानों पर विचार किया है। अदालत ने इस संरक्षित स्थल को देवी सरस्वती का मंदिर और संस्कृत शिक्षा का प्राचीन केंद्र माना, जैसा कि परमार राजा भोज के शासनकाल के दौरान यह स्थल संस्कृत शिक्षा के केंद्र के रूप में काम करता था। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने साफ किया कि 1958 के अधिनियम के तहत इस संपत्ति का पूरा प्रबंधन एएसआई के हाथ में ही रहेगा और वह इसके रखरखाव एवं संरक्षण के लिए जिम्मेदार होगा।

वहीं अदालत ने एएसआई के 2003 के उस आदेश को रद्द किया, जिसमें हिंदुओं को भोजशाला परिसर में पूजा का अधिकार नहीं दिया था। इसके साथ, मुस्लिमों को इस स्थल पर नमाज पढ़ने की इजाजत देने वाले आदेश को भी खारिज किया। मुस्लिम पक्ष, जो लंबे समय से भोजशाला को कमाल मौला मस्जिद बताते रहे हैं, को मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने मोहन सरकार से मस्जिद के लिए अलग जमीन मांगने को कहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, हाईकोर्ट ने पुरातात्विक साक्ष्यों के आधार पर कहा कि यह एक ऐतिहासिक और संरक्षित जगह देवी सरस्वती का मंदिर है।अपने फैसले में, उच्च न्यायालय ने कहा कि हर सरकार की यह संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व वाले प्राचीन स्मारकों और मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। इसके साथ ही, गर्भगृहों और धार्मिक आस्था से जुड़ी देव प्रतिमाओं का संरक्षण किया जाए। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने कहा कि पुरातत्व एक विज्ञान है और किसी भी विवाद का निर्णय करते समय वैज्ञानिक अध्ययनों से प्राप्त निष्कर्षों पर पूरी तरह भरोसा कर सकते है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की पीठ ने कहा कि अपने निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पक्षों के संवैधानिक अधिकारों को ध्यान में रखा गया है।

### ईरान-अमेरिका तनाव कम कराने में भारत निभा सकता है अहम भूमिका : रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव

नई दिल्ली(आरएनएस)। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने के भारत में हैं. इसी क्रम में शुक्रवार को उन्होंने मीडिया से बात की. इस दौरान उन्होंने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कम करने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

उन्होंने कहा कि भारत के पास मजबूत कूटनीतिक अनुभव है और दुनिया में उसकी अच्छी छवि है, इस वजह से वह लंबे समय तक शांति बनाए रखने में मदद कर सकता है. लावरोव ने कहा कि फिलहाल पाकिस्तान अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत शुरू कराने में मदद कर रहा है, ताकि तुरंत पैदा हुए संकट को कम किया जा सके।


नई दिल्ली के शाहदरा स्थित बिहारी कॉलोनी के एक पार्किंग क्षेत्र में भीषण आग लगने के बाद कई वाहन लपटों की चपेट में आ गए; इस दौरान कई सिलेंडर फटने की भी खबरें हैं।

## समय से 6 दिन पहले मानसून पहुंचेगा केरलम, 26 मई से झमाझम बारिश

नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने उमस भरी गर्मी से जूझ रहे केरलम समेत दक्षिण भारत के राज्यों को शुक्रवार को राहत भरी खबर सुनाई है। विभाग ने बताया कि इस साल केरलम में दक्षिणी-पश्चिमी मानसून समय से 6 दिन पहले 26 मई को पहुंच सकता है। आईएमडी के मुताबिक, अनुमानित तिथि 26 मई है, लेकिन यह 4 दिन आगे-पीछे होकर 22 से 30 मई के बीच आ सकता है। केरलम में आमतौर पर मानसून 1 जून को आता है।



आईएमडी ने बताया कि 2005 से 2025 के बीच पिछले 21 सालों में केरलम में मानसून की तारीख के बारे में आईएमडी के अनुमान सही साबित हुए। सिर्फ 2015 में अनुमान गलत था। पिछले साल मानसून के आगमन का अनुमान 27 मई को था, जबकि आया 24 मई को, इसके पहले 2024 में अनुमान 31 मई को था, जबकि आया 30 मई को था। वर्ष 2020, 2021 और 2023 में मानसून क्रमशः एक, 3 और 8 जून को आया था।

भारत के अलग-अलग राज्यों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने की पहचान केरलम में मानसून आने से होती है, जो गर्म और शुष्क मौसम से बरसात के राहत भरे मौसम में ले जाता है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी पर राहुल गांधी बोले- गलती सरकार की, कीमत जनता चुकाएगी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) राहुल गांधी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद केंद्र सरकार पर बड़ा हमला



बोला है। उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार की गलती की कीमत जनता चुकाएगी। राहुल गांधी ने भविष्य में भी तेल कीमतों में इजाफा होने की आशंका व्यक्त की है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, गलती सरकार की, कीमत जनता चुकाएगी। 3 रुपए का झटका आ चुका, बाकी वसूली किस्तों में की जाएगी। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश की जनता को ये समझना होगा कि इस समय वैश्विक ईंधन संकट के साथ-साथ भारत में आर्थिक संकट की बड़ी वजह सरकार में नेतृत्व संकट, दूरदर्शी सोच का अभाव है और अक्षमता कूट-कूट कर भरी है। खड़गे ने एक्स पोस्ट में कहा, ये संकट सरकार की ओर से लाया गया संकट है, जिसका खामियाजा देश की जनता को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी पर अपनी जेब से भरना पड़ रहा है। जब डीजल के दाम बढ़ते हैं तो पूरे देश में महंगाई का असर पड़ता है। उद्योगों से लेकर घरेलू बजट व किसानों तक सब पर बुरा असर पड़ता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जब पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू हुई, तो देश को बताया गया कि सब चंगा सी और कांग्रेस पार्टी के सवालों को नकारा गया। कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उल्टा अमेरिकी अनुमति और इजाजत के चलते हमारी संप्रभुता को गिरवी रखा गया।

### नीट पेपर लीक

## सीबीआई ने पुणे से केमेस्ट्री प्रोफेसर को गिरफ्तार किया, बताया गिरोह का सरगना

पुणे,(आरएनएस)। नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। एजेंसी ने महाराष्ट्र के पुणे से केमेस्ट्री प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी को गिरफ्तार किया है।




सीबीआई कुलकर्णी को पेपर लीक गिरोह का सरगना बता रही है। एजेंसी ने बताया कि कुलकर्णी राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के साथ परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थे, इस वजह से उनकी प्रश्नपत्र तक पहुंच थी। कुलकर्णी लातूर का रहने वाला है।सीबीआई के मुताबिक, कुलकर्णी एनटीए की परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ा हुआ था। जांच में यह सामने आया कि कुलकर्णी की नीट के प्रश्न पत्रों तक सीधी पहुंच थी। आरोप है कि उसने परीक्षा से पहले केमिस्ट्री के पेपर के कुछ हिस्से लीक कर दिए थे। कुलकर्णी ने एक अन्य आरोपी मनीषा वाघमारे की मदद से छात्रों के लिए अपने घर पर विशेष कोचिंग चलाई। मनीषा को सीबीआई पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

## विधिसम्मत ढंग से विदेश से वाग्देवी की प्रतिमा लाने की होगी पहल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### अयोध्या के फैसले पर देश ने दिए भाईचारे के प्रमाण, मध्यप्रदेश भी ऐसा आदर्श स्थान

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले की भोजशाला के संबंध में बरसों पुराने प्रकरण में न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोजशाला के संबंध में न्यायालय ने माना है कि यह स्थान भोजशाला का ही था, जहां राजा भोज ने मां वाग्देवी के माध्यम से इस स्थान की महत्ता को स्थापित किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे स्थान के गौरव को पुन: स्थापित करने के उद्देश्य से विधिसम्मत तरीके से विदेश से वाग्देवी की प्रतिमा लाने का प्रबंधन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में यह बात कही।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को इस निर्णय के लिए बधाई देते हुए अपील की कि न्यायालयीन निर्णय को शिरोधार्य करें। अयोध्या के देवस्थान के संबंध में न्यायालय के निर्णय के बाद सामाजिक सौहार्द्रता की उत्कृष्ट मिसाल कायम की गई थी। उसी परंपरा का निर्वहन करने वाला मध्यप्रदेश ऐसा दूसरा स्थान बन सकता है, जब हम इस समाधान और न्यायालय के निर्णय के आधार पर हम निर्णय को स्वीकार कर आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए इसे स्थायी समाधान बनाएं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त की कि भविष्य में ऐसे स्थान को अधिक गौरवमयी बनाने के प्रयास भी किए जाएंगे।

## शनिश्चरी अमावस्या आज नर्मदा तट पर उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

नर्मदापुरम। स्नान दान के विशेष पर्व ज्येष्ठ माह की शनिश्चरी अमावस्या पर नर्मदा तट के सभी प्रमुख घाटों पर आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहेगा। एक दिन पूर्व से ही दूर-दराज क्षेत्रों के श्रद्धालुओं का आगमन नर्मदा तट पर हो गया है। जो तड़के ही नर्मदा की जल धार में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ लेकर अपने स्थान की ओर प्रस्थान करेंगें। प्रशासन के द्वारा नर्मदा तट के प्रमुख घाटों पर सुरक्षा व्यववस्था के इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस बल तथा होमगार्ड सैनिक व्यवस्था देखेंगे। नर्मदा तट के तमाम घाटों पर शनिवार को मेला लगेगा। कई किसान अपनी नई उपज की पैदावार अच्छी होने पर नर्मदा जी के तट पर अपने परिजनों परिचितों के लिए भंडारे का आयोजन करते हैं। इसलिए बड़ी संख्या में भंडारे के आयोजन भी होंगें।




# शनि जन्मोत्सव आज

# प्रसिद्ध हैं नर्मदांचल का प्राचीन शनि शिवालय: विवेकानंद घाट पर नवग्रह मंदिर

### शनिदेव के नाम से है वार्ड का नाम, आज मनेगा शनिदेव जन्मोत्सव होगी विशेष आराधना






**बलराम शर्मा**

नर्मदापुरम। मां नर्मदा का पावन तट और देवालयों के शहर नर्मदापुरम में नर्मदा तट पर होने को तो सैंकड़ों मंदिर स्थित हैं। सबकी अपनी-अपनी विशेषताएं हैं। इनमें से शनि शिवालय के मंदिर की कुछ अलग ही विशेषताएं हैं। इस मंदिर से लाखों श्रद्धालुओं की सीधी आस्था जुड़ी हुई है। नर्मदा तट के सेठानी घाट के समीप प्राचीन शनि शिवालय परमार कालीन मंदिर बताया जाता है। यहां पर लगे शिलालेख से पता चलता है कि इस मंदिर का निर्माण शहर के सभी मंदिरों से पहले जगदीश मंदिर के समकालीन हुआ है। जिसे करीब 800 वर्ष प्राचीन माना जा रहा है। इसका गर्भगृह अष्टकोणीय है जो आठों दिशाओं का सूचक है। उत्तर मुखी शनि प्रतिमा के शनि मंदिर से सटा हुआ पूर्वाभिमुख शिवालय भी है। इसलिए इसे शनि शिवालय मंदिर भी कहा जाता है। आज का दिन शनि शिवालय के लिए काफी महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि शनि देव का जन्म दिन है व सोमवती अमावस्या सोमवार शिवजी का दिन माना जाता है। आज ज्येष्ठ माह की सोमवती अमावस्या पर शनि जन्मोत्सव मनाया जाएगा। बड़ी संख्या में दिन भर श्रद्धालुओं की कतार मंदिर में लगेगी।

### पांच फीट के शनिदेव

शनि शिवालय में शनि महाराज की मूर्ती पांच फीट की है। जो एक शिला पर ब्लेक स्टोन पर बनी हुई है। यह मूर्ती शिव जी के गण नंदी के सामने विराजमान है। मंदिर के समीप रहने वाले पं गिरीश परसाई बताते हैं कि उनके पितामह शहर के पुरोहित हुआ करते थे। उन्होंने बताया गया था कि उनके पूर्वजों के समय से ही मंदिर में पूजन पाठ किया जाता रहा है।

### 11 वर्ष तक धूमधाम से मनी जयंती

शनि जयंती का आयोजन एक समिति के द्वारा पूर्व में 11 वर्षों तक लगातार धूमधाम से मनाया जाता रहा है। इसके बाद मंदिर से जुड़े परिवार में विवाद होने के कारण मामला न्यायालय में पहुंच जाने से कुछ वर्षों तक पं गोपाल प्रसाद खड्डुर को मंदिर की व्यवस्था का जिम्मा दिया गया उनके मार्गदर्शन में जन्मोत्सव हवन पूजन होते रहे। उसके बाद कोरोना काल लग गया अब सामान्य पूजन अर्चन होता है। इस बार भी परंपरागत पूजन अर्चन ही होगा।

### तिल के तेल से अभिषेक

पंडित अरूण जोशी के अनुसार शनि जातकों को शनिदेव का पूजन अर्चन के बाद तिल के तेल से अभिषेक करना चाहिए। जिससे शनिदेव प्रसन्न होते हैं। शनिदेव को काले उड़द से बने पकवान का भोग लगाया जाता है। काले कपड़ा, तिल, जूते चप्पल, छाता, का दान करना शुभ माना जाता है।

### शनिदेव के नाम से वार्ड का नाम

मंदिर की अन्य विशेषताओं में यह भी शामिल हैं कि इस वार्ड का नाम शनिदेव मंदिर होने से शनिचरा वार्ड के नाम से जाना जाता है। जो कि नपा के दस्तावेज में भी शामिल है। पूर्व पार्षद तेज कुमार गौर व प्रमोद सोनी ने कहा कि जब से नगर पालिका अस्तित्व में है तब से इस वार्ड का नाम शनिचरा वार्ड है।

### विवेकानंद घाट पर भी होगा अनुष्ठान और भंडारा

विवेकानंद घाट पर स्थित नव ग्रह शनि मंदिर में आज शनि जयंती के अवसर पर विशेष अनुष्ठान और भंडारे का आयोजन होगा। इसकी तैयारी पिछले एक माह से जारी है।

# कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने किया ऑफिसर्स क्लब का निरीक्षण

## सुविधाओं के उन्नयन एवं विस्तार हेतु कार्ययोजना तैयार करने के दिए निर्देश




नर्मदापुरम (निप्र)। शुक्रवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नर्मदापुरम स्थित वृद्ध जन पार्क परिसर में स्थित ऑफिसर्स क्लब का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्लब परिसर एवं उपलब्ध संरचनाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने ऑफिसर्स क्लब में उपलब्ध सुविधाओं एवं संरचनाओं के उन्नयन के साथ-साथ नवीन सुविधाओं के विस्तार के लिए सुव्यवस्थित कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्लब के विकास एवं विस्तार कार्यों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के लिए विस्तृत मैप एवं साइट प्लान तैयार किया जाए, जिससे प्रस्तावित कार्यों को व्यवस्थित रूप से धरातल पर उतारा जा सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि प्रस्तावित कार्यों से संबंधित सभी तकनीकी बिंदुओं का परीक्षण आवश्यक रूप से किया जाए तथा परीक्षण उपरांत विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए, ताकि आगामी कार्यवाही शीघ्रता से सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, संयुक्त कलेक्टर एवं सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग अनुराग सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जगन्नाथ मंदिर में सत्यनारायण कथा यज्ञ 17 से

### पूरे पुरुषोत्तम माह भर चलेगा आयोजन



नर्मदापुरम (निप्र)। अखंड मंडलेश्वर धाम जगन्नाथ मंदिर डोंगरवाड़ा में पुरुषोत्तम माह के दौरान सत्यनारायण भगवान की कथा महोत्सव यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि में कोई भी श्रद्धालु अपना पंजीयन करवाकर मंदिर में सत्यनारायण भगवान का आयोजन करा सकते हैं।इस संबंध में मंदिर के ठाकुर राजा डा आशुतोष कुमार शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म में पुरुषोत्तम माह का विशेष महत्व होता है। इस माह में किए गए दान, पुण्य, धार्मिक कार्यों का अनंत गुणा फल प्राप्त होता है। इसी बात को ध्यान में रखकर यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो भी श्रद्धालु कथा का आयोजन करना चाहते हैं वे मंदिर समिति में 301/- रुपये जमा करवा कर अपना पंजीयन कराकर दिन और समय निश्चित करा सकते हैं। व्यक्ति कथा कराने के अतिरिक्त श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्थाओं के लिये दान भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु अपने घर से केवल भगवान का प्रसाद और चरणामृत बनाकर ही लाना होगा। श्रद्धालुओं के लिए अन्य समस्त पूजन सामग्री मंदिर समिति द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए बैठने के लिए मौसम अनुसार समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मंदिर परिसर में भोजन कराने के लिए भी स्थान सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने अपील की है कि लोग अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## पिपरिया में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने की जनसुनवाई

### समस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

पिपरिया। होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्दर्शन सिंह चौधरी ने पिपरिया स्थित सांसद कार्यालय में गुरुवार को जनता जनार्दन से आत्मीय भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में किसानों ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे।ग्रामीणों द्वारा उपार्जन खाद आपूर्ति बिजली, सड़क जैसी समस्याओं से सांसद श्री चौधरी को अवगत कराया गया। सांसद श्री चौधरी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए।सांसद श्री चौधरी ने कहा कि जनसेवा ही उनका प्रमुख उद्देश्य है तथा क्षेत्रवासियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहकर कार्य करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान सदस्य नीतिराज सिंह पटेल, प्रयागराज रघुवंशी, जनपद सदस्य नरसिंह रावत सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सीएमएचओ ने एमपीडब्ल्यू को किया निलंबित

नर्मदापुरम (निप्र)।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम डॉक्टर नरसिंह गहलोत ने व्हाट्सएप एप स्टेटस पर देवताओं के चित्र में एडिट कर स्वयं का फोटो अपलोड करने पर एमपीडब्ल्यू उप स्वास्थ्य केंद्र मेहरा गांव सुनील कुमार साहू को मध्य प्रदेश सिविल आचरण नियम 1965 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में सुनील कुमार साहू का मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनखेड़ी नियत किया गया है। निलंबन अवधि में श्री साहू को नियम अनुसार जीवन निर्वहन भत्ता देय होगा।

## संभाग आयुक्त ने तीन सहायक पशु चिकित्सको को सार्थक ऐप पर फर्जी उपस्थिति दर्ज कराने पर तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

### संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को उक्त तीनों चिकित्सकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के दिए निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग आयुक्त श्रीकांत बनोठ ने नर्मदापुरम जिले के तीन सहायक पशु चिकित्सा को सार्थक ऐप पर फेक उपस्थित दर्ज कराने और कार्य पर उपस्थित ना होते हुए भी अवैध रूप से वेतन आहरण करने तथा लाखों रुपए की शासकीय राशि का प्रभक्षण किए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं संभाग नर्मदापुरम को निर्देश दिए हैं कि उक्त तीनों सहायक पशु चिकित्सकों के विरुध एफआईआर दर्ज कराना सुनिश्चित करें। नर्मदापुरम संभाग आयुक्त श्रीकांत बनोठ ने प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्रालय के पत्र के आधार पर पशु चिकित्सा सहायक मुख्य ग्राम खंड केसला डॉ गरिमा शुक्ला, पशु चिकित्सा सहायक पशु चिकित्सालय काला आखर डॉक्टर ज्योति नवडे, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ चल विरुजालय केसला डॉक्टर अंशु तुमराम को मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम - 9 (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि केसला में पदस्थ डॉ गरिमा शुक्ला, काला आखर मैं पदस्थ डॉ ज्योति नवडे एवं केसला में पदस्थ डॉ अंशु तुमराम द्वारा सार्थक एप में मोबाइल पर फोटो दिखाकर किसी अन्य के माध्यम से एप पर उपस्थित दर्ज की जा रही थी, जिसे स्पष्ट है कि उक्त तीनों चिकित्सकों द्वारा सार्थक ऐप पर कूट रचना की जाकर फर्जी उपस्थिति दर्ज कराई जा रही थी एवं कार्य पर उपस्थित ना होते हुए भी इनके द्वारा अवैध रूप से वेतन आहरण किया गया। जिससे लाखों रुपए की शासकीय राशि का प्रभक्षण किया गया। इनका यह उक्त कृत्य अत्यंत ही गंभीर कदाचार एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में परीक्षित माना गया।

## एफसीआई गोदाम पहुंचकर अधिकारियों ने किया गेहूं उपार्जन परिवहन कार्य का निरीक्षण

नर्मदापुरम (निप्र)। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती नीता कोरी द्वारा एफसीआई गोदाम पहुंचकर गेहूं उपार्जन के परिवहन कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान



परिवहन व्यवस्था, भंडारण एवं गेहूं के आवागमन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन वासुदेव दावंडे एवं जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम भी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ईंधन खपत कम करने एवं ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के आवाहन के अनुरूप एक ही वाहन से संयुक्त रूप से भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया।

## जल प्रदाय शाखा की त्वरित कार्रवाई से मिली लीकेज से निजात

### एल्डरमेन ने नपा कर्मियों की प्रशंसा की

नर्मदापुरम। नगरपालिका द्वारा जनसुनवाई और अन्य माध्यम से आने वाली शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। सौरभ नर्सिंग होम के पास पाइप लाइन में हुए बड़े लीकेज को 4 घंटे के अंदर नपा की टीम द्वारा सुधारकर स्थानीय नागरिकों को राहत प्रदान की। एल्डरमेन ज्योति रैकवार ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती पटले को पत्र लिखकर नपा कर्मियों द्वारा त्वरित की गई कार्रवाई पर प्रशंसा की है। उन्होंने नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले का आभार व्यक्त किया। जलप्रदाय शाखा के हरिश गोस्वामी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में नगर की पेयजल सप्लाई से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहाहै। नई पाइप लाइन डाली जा रही है, लीकेज ठीक किए जा रहे हैं और पेयजल सप्लाई दुरुस्थ रखने के लिए टैंकर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। श्री गोस्वामी ने बताया कि सौरभ नर्सिंग होम के पास एक बड़ा लीकेज हो गया था। जिसे जलप्रदाय शाखा नीतेश व्यास सहित नपा की टीम ने 4 घंटे में ठीक कर पेयजल सप्लाई बहाल कर दी। त्वरित कार्रवाई पर एल्डरमेन श्रीमती रैकवार ने नपा कर्मियों की प्रशंसा की है।

# आगामी मानसून को लेकर होमगार्ड, एसडीईआरएफ एवं एनसीसी का विशेष प्रशिक्षण प्रारंभ

## बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु जवानों और एनसीसी कैडेट्स को दिया जा रहा व्यावहारिक प्रशिक्षण





नर्मदापुरम (निप्र)। महानिदेशक होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के निर्देशानुसार आगामी मानसून एवं संभावित बाढ़ आपदा को दृष्टिगत रखते हुए होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ बल की दक्षता वृद्धि, कौशल उन्नयन तथा राहत एवं बचाव कार्यों में उन्हें और अधिक सक्षम एवं दक्ष बनाने के उद्देश्य से संभागीय स्तर पर तीन दिवसीय कैप्सूल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण का प्रथम सत्र 14 मई 2026 से प्रारंभ किया गया है। इस प्रशिक्षण में जिला बैतूल, हरदा एवं नर्मदापुरम के कुल 30 जवान भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के अंतर्गत शुक्रवार 15 मई 2026 को जिला मुख्यालय स्थित सेठानी घाट पर तैराकी प्रशिक्षण, बोट संचालन प्रशिक्षण एवं डीप डाइविंग का अभ्यास कराया गया।इसके साथ ही होमगार्ड कार्यालय में आपदा प्रबंधन से संबंधित उपकरणों के संचालन एवं उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। बाढ़ आपदा प्रबंधन में एनसीसी छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए प्लाटून कमांडर शिवराज चौधरी, एएसआई सुन्दरलाल मरावी एवं सैनिक अजय यादव द्वारा 13 एमपी एनसीसी बटालियन के 550 जूनियर एवं सीनियर छात्रों को भी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को बाढ़ बचाव में उपयोगी घरेलू सामग्री से बॉटल राफ्ट तैयार करना, लाइफ जैकेट का सही एवं सुरक्षित उपयोग करना तथा अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति में पीड़ित व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी गई।

## मानसून पूर्व कार्यों में तेजी लाने एवं राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रमुख अभियंता आंदन सिंह ने संयुक्त संचालक नर्मदापुरम सुरेश बेलिया के साथ नर्मदापुरम स्थित संयुक्त संचालक कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक में उप परियोजना संचालक प्रशासन राजीव रंजन पाण्डेय, परियोजना प्रबंधक सुबोध जैन, सहायक परियोजना प्रबंधक राहुल समाधिया सहित नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम, आमला, बैतूल बाजार, सोहागपुर एवं बनखेड़ी के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, अभियंता एवं संविदाकारों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रमुख अभियंता आंदन सिंह द्वारा बुधनी की एकीकृत विकास परियोजना एवं नर्मदापुरम सीवरेज परियोजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा एवं निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित संविदाकारों को मानसून पूर्व विभिन्न निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा ऋतु में नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से जलकर राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा राशि को एस्क्रो खाते में नियमित रूप से जमा कराने के निर्देश भी दिए गए।

## एसडीएम सिवनी मालवा ने किया अमोल गैस गोदाम का निरीक्षण

### घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर सिलेंडर जब्त



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सिवनी मालवा स्थित अमोल गैस एलपीजी गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं, एलपीजी स्टॉक, गैस बुकिंग एवं बुकिंग के विरुद्ध उपभोक्ताओं को की जा रही गैस सप्लाई व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण में पाया गया कि गोदाम में आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है। वर्तमान में गोदाम में लगभग 700 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं तथा क्षेत्र में गैस आपूर्ति की स्थिति सामान्य बनी हुई है। अधिकारियों द्वारा गैस वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए कि गैस वितरण कार्य सुचारू एवं पारदर्शी तरीके से संचालित हो। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने की जानकारी ली तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए।

# राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण में गति लाएं राजस्व अधिकारी, राजस्व न्यायालय का हो नियमित संचालन : कलेक्टर सोमेश मिश्रा

राहत मामलों में पीडितों को मिले त्वरित राहत, अनावश्यक रूप से लंबित न रखे जाएं कोई भी प्रकरण

जनगणना 2027 सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य, किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें अधिकारी



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले के विभिन्न अनुविभागों अंतर्गत राजस्व अधिकारियों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राजस्व न्यायालयों के संचालन, लंबित प्रकरणों के निराकरण, लोक सेवा गारंटी, जनगणना 2027, आरसीएमएस पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन तथा वर्षाकालीन आपदा प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए की राजस्व अधिकारी नियमित रूप से राजस्व न्यायालय का संचालन करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए की कोर्ट की कार्यवाही नियमित की जाए तथा विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण में गति लाएं। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी राजस्व अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत निहित प्रावधानों के अनुसार तथा निर्धारित समय अवधि में ही प्रकरणों का निराकरण किया जाए। साथ ही सभी राजस्व अधिकारी इसे मेंटेन रखें।कलेक्टर ने सीमांकन, अविवादित बंटवारा एवं नामांतरण से संबंधित प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े इन प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने अपर कलेक्टर श्री जैन को निर्देशित किया कि एसडीएम, नजूल अधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य राजस्व अधिकारियों के लिए मासिक लक्ष्य निर्धारित किए जाएं तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा की जाए। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बैठक के दौरान जिले में संचालित जनगणना 2027 की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कार्य की प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए एडीएम अनिल जैन को निर्देशित किया कि जिन चार्ज अधिकारियों की प्रगति 95 प्रतिशत से कम है उन्हें नोटिस जारी किया जाए।

## अधिकारियों ने किया आंगनवाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की सेवाओं का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गहलोत एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ललित कुमार डेहरिया द्वारा आंगनवाडी केंद्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों का संयुक्त भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों के दल द्वारा नर्मदापुरम शहर के आंगनवाडी केंद्र क्रमांक 34, 35, 38 एवं ग्रामीण क्षेत्र के आंगनवाडी केंद्र घानावड का औचक निरीक्षण किया गया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड़ नर्मदापुरम

दूरभाष क्रमांक 07574-253119

Email Address - eephedhos@mp.nic.in

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं ऑनलाईन प्रस्तुत किये जावेंगे। ऑनलाईन वित्तीय ऑफर दिनांक 27.05.2026 शाम 17.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| निविदा सूचना क्रमांक | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (PAC) (रू.में) | धरोहर राशि (e-EMD) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/26-27 Date 13-05-2026 | 2026_PHED_507138_1 | Hiring of 01 no. inspection vehicle (A.C.) (Diesel Car/Jeep of Ex. Showroom price upto Rs. 6.50 Lacs) for handpumps, water supply schemes and other govt. works in rural areas under Superintending Engineer,Public Health Engineering Department,Narmadapuram Circle, Narmadapuram for one year.. | 216000/- | 4320/- | 2000/- | 365 दिवस (वर्षा काल सहित) | - |

जी/12928/26

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नर्मदापुरम

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com